पत्रांक–04/क्षे0स्था0 विविध पत्राचार (मु0)–03–03/2024– 133 (4)/रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

डॉ0 महेन्द्र पाल,भा0प्र0से0
अपर सचिव।

ई–मेल

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक– 17.04.2026

विषय :– सामूहिक अवकाश/हड़ताल पर गये राजस्व कर्मचारियों के अपने पदस्थापन अंचल में कार्य पर वापस लौटने के स्थिति में हड़ताल अवधि के विनियमितीकरण के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय ज्ञापांक–132(4), दिनांक–17.04.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि दिनांक–17.04.2026 (शुक्रवार) को प्रधान सचिव की अध्यक्षता में राजस्व कर्मचारियों के लंबित माँगों को लेकर बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में दिनांक–11.02.2026 से सामूहिक अवकाश/हड़ताल पर गये राजस्व कर्मचारियों को हड़ताल अवधि के सेवा विनियमितीकरण हेतु असाधारण अवकाश (Extra Ordinary Leave) स्वीकृत किया जाएगा तथा इस अवधि को नियमित माना जाएगा का निर्णय लिया गया।

सम्यक् विचारोपरान्त विभाग द्वारा उक्त निर्णय को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया गया कि **राजस्व कर्मचारियों को हड़ताल अवधि के सेवा विनियमितीकरण हेतु उपार्जित अवकाश स्वीकृत किया जाएगा तथा इस अवधि को नियमित माना जाएगा। उपार्जित अवकाश शेष नहीं रहने की स्थिति में अग्रिम उपार्जित अवकाश स्वीकृत किया जाए।**

अतः प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि सामूहिक अवकाश/हड़ताल पर गये राजस्व कर्मचारियों के अपने पदस्थापन अंचल में कार्य पर वापस लौटने के स्थिति में हड़ताल अवधि के विनियमितीकरण हेतु उक्त के आलोक में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

17/04/26

(डॉ0 महेन्द्र पाल),
अपर सचिव।

ई–मेल

ज्ञापांक–4/क्षे0 स्था0 विविध पत्राचार (मु0)–03–03/2024 133 (04)/रा0, दिनांक–17.04.2026

प्रतिलिपि :–सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/04/26

(डॉ0 महेन्द्र पाल)
अपर सचिव।

कृ0पृ0उ0

D:\sec 4 backup\Vikash\Rev. 2026\Procciding.docx 14

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल

ज्ञापांक–4 / क्षे0 स्था0 विविध पत्राचार (मु0)–03–03 / 2024 133 (04) / रा0, दिनांक– 17.04.2026

प्रतिलिपि :–प्रधान सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / अपर सचिव / उप सचिव / अवर सचिव / आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / महामंत्री एवं राज्य अध्यक्ष बिहार राज्य भूमि कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा Email. ID - rajaswakcsangh@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/04/26

(डॉ० महेन्द्र पाल)
अपर सचिव।

D:\sec 4 backup\Vikash\Rev. 2026\Procciding.docx 15

Scanned with OKEN Scanner